# Rapid Fire करेंट अफेयर्स (19 February)

drishtiias.com/hindi/printpdf/rapid-fire-current-affairs-february-19

- भारत की विदेश मंत्री सुषमा स्वराज ने बुल्गारिया, मोरक्को और स्पेन की चार दिवसीय यात्रा के दौरान **मोरक्को और भारत** के संबंधों को और मज़बूत करने तथा सहयोग के क्षेत्रों को बढ़ाने पर विचार-विमर्श किया। दोनों देश आतंकवाद से लड़ने के लिये संयुक्त कार्य समूह के गठन पर भी सहमत हुए, जिसमें सीमा पार से आतंकवाद, आतंकी वित्तपोषण और आतंकवादियों की भर्ती से निपटना शामिल है। इसके लिये दोनों देशों के बीच आतंकवाद निरोधक समझौते पर हस्ताक्षर किये गए। अन्य तीन समझौते आवास, युवाओं और दोनों देशों के बीच व्यवसायियों के आवागमन की सुविधा को लेकर हुए।
- रिज़र्व बैंक ने 31 दिसंबर, 2018 को समाप्त छमाही के लिये सरकार को 28 हज़ार करोड़ रुपए का **अंतरिम लाभांश** (Interim Dividend) देने का फैसला किया है। वित्त मंत्री अरुण जेटली और रिज़र्व बैंक के केंद्रीय बोर्ड की बैठक में अंतरिम लाभांश को लेकर फैसला लिया गया। रिज़र्व बैंक के इस डिविडेंड से सरकार को राजकोषीय घाटा नियंत्रित करने में मदद मिलेगी। गौरतलब है कि पिछले वित्त वर्ष में रिज़र्व बैंक ने केंद्र सरकार को 10 हज़ार करोड़ रुपए का अंतरिम लाभांश दिया था।
- सुप्रीम कोर्ट ने राष्ट्रीय हरित अधिकरण (NGT) के आदेश को पलटते हुए तमिलनाडु में तूतीकोरिन स्थित **वेदांता के स्टरलाइट कॉपर प्लांट** को खोलने की अनुमति देने से इनकार करते हुए स्टरलाइट से इस मामले में हाई कोर्ट जाने के लिये कहा है। इस प्लांट से होने वाले प्रदूषण का स्थानीय लोगों ने जब विरोध किया तो तमिलनाडु सरकार ने पिछले वर्ष 28 मई को स्टरलाइट प्लांट को पूर्ण रूप से बंद करने का आदेश दिया था, लेकिन NGT ने यह रोक हटा ली थी। वेदांता ने तमिलनाडु के तूतीकोरिन स्थित स्टरलाइट संयंत्र को फिर से चालू करने संबंधी याचिका सुप्रीम कोर्ट में दायर की थी।
- केंद्रीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी, पृथ्वी विज्ञान, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री डॉ. हर्षवर्धन ने कृषि विज्ञान विश्वविद्यालय (UAS) में **भारत के पहले कृषि पूर्वानुमान केंद्र**, उत्तर कर्नाटक एग्रोमेट फोरकास्टिंग एंड रिसर्च सेंटर (NKAFC) का उद्घाटन किया। धारवाड़ में बनाए गए इस केंद्र का मुख्य उद्देश्य मौसम की सटीक जानकारी देना है। इससे किसानों को फसलों की निगरानी करने और बेहतर उपज लेने में आसानी होगी। इस केंद्र से आसपास के लगभग 25 लाख किसानों को WhatsApp, SMS, सोशल नेटवर्किंग साइटों और सामुदायिक रेडियो स्टेशनों जैसे विभिन्न प्लेटफॉर्मों के माध्यम से मौसम की लेटेस्ट जानकारी मिलेगी।
- आंध्र प्रदेश सरकार ने **अन्नदाता सुखी भव योजना** में बदलाव किया है। आंध्र प्रदेश सरकार ने केंद्र सरकार की प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का लाभ पाने वाले लघु एवं सीमांत किसानों को 4,000 रुपए का अतिरिक्त फायदा देने का एलान किया है। इसके बाद ऐसे किसानों को राज्य मिलने वाली सहायता बढ़कर 9000 हो जाएगी। गौरतलब है कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत केंद्र सरकार दो हेक्टेयर तक जमीन रखने वाले किसानों को 6 हजार रुपए प्रति वर्ष सहायता राशि मुहैया कराएगी। अब इसी के साथ इस योजना के तहत आंध्र प्रदेश के किसानों को सालाना कुल 15 हज़ार रुपये मिलेंगे। वहीं, ऐसे किसान जिनके पास 5 एकड़ से ज्यादा ज़मीन है और जो केंद्र सरकार की योजना के अंतर्गत नहीं आते, उन्हें राज्य सरकार की ओर से सालाना 10 हज़ार रुपए की मदद

मिलेगी।

- महाराष्ट्र सरकार, बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (BSE) और इंडियन फेडरेशन ऑफ ग्रीन एनर्जी ने मुंबई में एक **बैम्बू इन्वेस्टमेंट समिट** (Bamboo Investment Summit) का आयोजन किया। इसमें क्षेत्र के विभिन्न बिज़नेस मॉडलों के लिये अवसरों के बारे में जागरूकता उत्पन्न करने पर ज़ोर दिया गया। इस सम्मेलन में केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फड़नवीस और बाँस उद्योग से जुड़े हितधारकों ने भाग लिया। इस सम्मेलन का उद्देश्य निजी निवेश को प्रोत्साहन देने के लिये एक बिज़नेस इको-सिस्टम बनाने के साथ ही कारीगरों, उपयोगकर्त्ता समुदायों और औद्योगिक उपयोगकर्त्ताओं को कच्चे माल की आपूर्ति के संबंध में दीर्घकालिक स्थिरता सुनिश्चित करना था।
- पंजाब सरकार ने लुधियाना के किला रायपुर में आयोजित होने वाले ग्रामीण खेलों में बैलगाड़ियों की वार्षिक पारंपरिक दौड़ फिर से शुरू करवाने के लिये **प्रिवेंशन ऑफ क्रुएल्टी टू एनिमल्स** (पंजाब अमेंडमेंट) बिल-2019 लाने की मंज़ूरी दे दी है। गौरतलब है कि 2014 में सुप्रीम कोर्ट द्वारा पाबंदी लगा देने के बाद इस बैलगाड़ी दौड़ पर रोक लग गई थी। पंजाब में लुधियाना के किला रायपुर में में ये ग्रामीण खेल 1930 से आयोजित होते आ रहे हैं।
- ब्रिटेन की ग्लास्गो यूनिवर्सिटी के शोधकर्त्ताओं ने एक ऐसी तकनीक का विकास किया है जिससे भविष्य में इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों को और भी छोटा बनाया जा सकेगा। इनको चलाने के लिये बाहर से बिजली सप्लाई की ज़रूरत भी नहीं पड़ेगी। यह सब संभव हो पाएगा एक लचीले **सुपरकैपेसिटर** से, जो सौर ऊर्जा की सहायता से काम करेगा और बाद में इस्तेमाल करने के लिये ऊर्जा को संचित करके भी रखेगा। भारतीय मूल के प्रोफ़ेसर रविन्द्र दहिया के नेतृत्व में एक टीम ने इस लचीले सुपरकैपेसिटर को बनाने के लिये ग्रैफीन और पॉलीयूरेथीन का इस्तेमाल किया।
- शेष भारत की टीम को हराकर विदर्भ ने लगातार दूसरी बार **ईरानी कप** (पूर्व में ईरानी ट्रॉफी) जीत लिया। हालाँकि विदर्भ और शेष भारत के बीच यह मुकाबला ड्रा रहा, लेकिन पहली पारी में मिली बढ़त के आधार पर विदर्भ को विजेता घोषित किया गया। विदर्भ के अक्षय कारनेवर को 'मैन ऑफ द मैच' चुना गया। कर्नाटक और मुंबई के बाद विदर्भ तीसरी ऐसी टीम है जिसने लगातार दो बार ईरानी कप खिताब जीता है। ईरानी कप प्रतियोगिता की शुरुआत 1959-60 के सत्र में हुई थी और यह रणजी ट्रॉफी विजेता तथा शेष भारत की टीमों के बीच हर साल खेली जाती है।